<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–17 फरवरी 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- विधानमंडल बजट सत्र के दौरान विधान परिषद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन को किया संबोधित। कहा–सरकार की स्पष्ट नीतियों के कारण उत्तर प्रदेश बन गया है ब्रेक थ्रू स्टेट।
- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और सरकारी नीतियों के बारे में दी जानकारी। कहा–एक जनपद एक मेडिकल कॉलेज की नीति पर काम कर रही है सरकार।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो का किया उद्घाटन। पांच दिवसीय इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट भी शुरू।
- आज से शुरू हो रही हैं सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं।

**********

विधानमंडल के बजट सत्र के छठे दिन कल विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछले 9 साल में प्रदेश ने अपराध और अव्यवस्था से अनुशासन तथा अविश्वास से आत्मविश्वास की यात्रा की है। उन्होंने कहा कि सरकार की स्पष्ट नीति और सुशासन की प्रतिबद्धता के कारण प्रदेश ब्रेक थ्रू स्टेट बन गया है।

***डबल इंजन सरकार की स्पष्ट नीति, साफ नियत सुशासन की प्रति प्रतिबद्धता के कारण आज हम लोगों ने उत्तर प्रदेश को बॉटल नेक से देश की अर्थव्यवस्था का एक ब्रेक थ्रू बनाने में सफलता प्राप्त की है। अब उप रेवेन्यू डेफिसिट से रेवेन्यू सरप्लस और उपद्रव से उत्सव प्रदेश के रूप में अपनी यात्रा को लेकर के मजबूती के साथ आगे बढ़ा है।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय प्रदेश में छियानबे लाख एमएसएमई यूनिट संचालित हो रही हैं। इन यूनिटों में तीन करोड़ ग्यारह लाख से अधिक लोग रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कृषि के बाद एमएसएमई क्षेत्र ही प्रदेश में सबसे अधिक रोजगार प्रदान करने वाला सेक्टर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार सत्रह से पहले प्रदेश में कृषि को लेकर कोई स्पष्ट नीति नहीं थी। वहीं आज अन्नदाता किसान विकास में भागीदार बने हैं।

***अन्नदाता को विकास में भागीदार बनाया गया और अन्नदाता से उद्यमी बनने की कहानी आज उत्तर प्रदेश के अंदर देखी जा सकती है। जब हमारा अन्नदाता किसान एफपीओ के माध्यम से या जब गांव की एक महिला ड्रोन दीदी के रूप में अपनी एक पहचान बनाती है। अब किसान उत्पादक से उसे हमने फिर से उसकी पहचान उस रूप में प्रस्तुत की है।***

मुख्यमंत्री ने कल से दिल्ली में शुरू हुए एआई इनपैक्ट समिट का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में दुनिया का सबसे बड़ा एआई समिट हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश का फोकस इमर्जिंग टेक्नॉलॉजी पर है। इसी का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश, ट्रस्ट, टेक्नोलॉजी और ट्रांसफॉर्मेशन की त्रिवेणी बन गया है।

इससे पहले विधान परिषद में उप मुख्यमंत्री और नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और सरकारी नीतियों के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सरकार प्रदेश में एक जनपद एक मेडिकल कॉलेज की नीति पर काम कर रही है।

***लगातार सुधार के लिए जहाँ हर स्तर पर प्रयास किए गए भारतीय जनता पार्टी डबल इंजन सरकार के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति इतनी जिम्मेदारी से काम करने का कार्य कर रही है। एक जनपद एक मेडिकल कॉलेज बनाने के किसी जिले में जहाँ सरकार का मेडिकल कॉलेज नहीं है, वहाँ निजी क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज भी बनाने के काम हो रहे हैं। लेकिन एक जनपद एक मेडिकल कॉलेज की तर्ज पर एक व्यवस्था को लेकर के हम आगे बढ़ रहे हैं जिससे हमें अधिक से अधिक डॉक्टर उत्तर प्रदेश के अंदर उपलब्ध हो पाए।***

विधान सभा में कल बजट पर चर्चा जारी रही। विधानसभा में भी कल विपक्ष ने स्वास्थ्य सेवाओं का मुद्दा उठाया। जवाब में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार जनता को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

**********

प्रधानमंत्री ने कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो का उद्घाटन किया। वे एक्सपो में कई स्टॉल पर भी गए। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री जितिन प्रसाद भी उपस्थित थे। हमारे संवाददाता ने बताया कि बीस फरवरी तक चलने वाले इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो का आयोजन भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में किया जा रहा है।

***70 हजार वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैले दस एरिना में आयोजित यह एक्सपो वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों, स्टार्टअप्स, शिक्षाविदों, अनुसंधान संस्थानों, केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों को एक साथ लाया है। इस एक्सपो में एआई तंत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्रदर्शित करने वाले 13 देशों के पवेलियन भी हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड्स, स्विट्जरलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और अफ्रीका के पवेलियन शामिल हैं। इस एक्सपो में 300 से अधिक चुनिंदा प्रदर्शनी मंडप और लाइव प्रदर्शन हैं। इसमें 500 से अधिक सत्रों का आयोजन किया जाएगा जिनमें तीन हजार 250 से***

*अधिक दूरदर्शी वक्ता और पैनल सदस्य शामिल होंगे। एक्सपो में 600 से अधिक स्टार्टअप शामिल हैं जिनमें से कई वैश्विक स्तर पर प्रासंगिक और व्यापक जनसंचार समाधान कर रहे हैं। ये स्टार्टअप ऐसे उपयुक्त समाधानों का प्रदर्शन कर रहे हैं जो पहले से ही वास्तविक दुनिया में उपयोग में है। इंडिया एआई इंपैक्ट एक्सपो 2026 में अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों सहित ढाई लाख से अधिक आगंतुकों के आने की उम्मीद है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

पांच दिवसीय इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट कल से शुरू हो गया। यह ग्लोबल साउथ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का पहला वैश्विक सम्मेलन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्नीस फरवरी को उद्घाटन भाषण देंगे, जो वैश्विक सहयोग और समावेशी तथा जिम्मेदार एआई के लिए भारत के दृष्टिकोण को दिशा प्रदान करेगा।

एआई इम्पैक्ट समिट को लेकर छात्रों में भी उत्साह देखा जा रहा है। गाजियाबाद के एक छात्र ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में कहा कि इस आयोजन से महत्वपूर्ण संबंध बनेंगे।

*मैं काइट का स्टूडेंट हूं और ये मेरा इंडिया में होने वाला पहला एआई समिट और ये मेरा भी पहला एआई समिट है तो काफी अच्छा एक्पीरियंस था मैने काफी नई चीजों के बारे में सीखा। काफी सारे एलएलएम्स के बारे में भी सीखा हमने और काफी सारे नई चीजें सीखने को मिली जो मुझे कॉलेज में नहीं मिलेगी और काफी अच्छा एक्पीरियंस था। मुझे काफी सारे कनेक्शन्स बनाने का मौका मिला यहा पे।*

**********

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन–सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं आज से शुरू हो रही हैं। वहीं, माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं भी कल से शुरू होंगी। एक रिपोर्ट–

*सीबीएसई की कक्षा 10वीं और 12वीं के एग्जाम एक ही शिफ्ट में होंगे, जो सुबह 10.30 बजे शुरू होंगे। दसवीं के एग्जाम 11 मार्च तक और बारहवीं के एग्जाम 10 अप्रैल तक चलेंगे। वहीं सीआईएससीई द्वारा आयोजित 2026 की आईसीएससी कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं 30 मार्च तक चलेंगी। बारहवीं की परीक्षा 12 फरवरी से शुरू हो चुकी हैं जो 6 अप्रैल तक आयोजित होंगी। यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर प्रशासन स्तर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। परीक्षाओं को नकलविहीन और शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी और अन्य तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा की जा रही है। समाचार कक्ष से शैलेंद्र शर्मा।*

**********

छात्र छात्राओं को अंतरिक्ष विज्ञान से जोड़ने के लिए इसरो के विलेज वैज्ञानिक कार्यक्रम के तहत महोबा में करीब चालीस स्पेस प्रयोगशालाओं की स्थापना की जाएगी। इसी के तहत कल इसरो अहमदाबाद के निदेशक नीलेश एम. देसाई ने कबरई ब्लॉक के रतौली गांव में पहली ग्रामीण स्पेस लैब का उद्घाटन किया। इस लैब में छात्रों के लिए वर्किंग टेलिस्कोप, थ्री डी प्रिंटर, रोबोट, ड्रोन और इसरो के विभिन्न मिशन मॉडल्स उपलब्ध कराए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान श्री देसाई ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में ऐसी लैब्स की स्थापना होने से छात्रों में अंतरिक्ष विज्ञान को लेकर जिज्ञासा बढ़ेगी और वे इस क्षेत्र से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

*हम ये प्रयास कर रहे है की जगह जगह पर इस प्रकार के अंतरिक्ष प्रयोगशालाएं खुले जिससे की बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में जानकारी तो मिले ही सोचने की शक्ति और फेल्योर हैंडल करने की शक्ति और भी बड़े प्रश्न पूछने के लिए उत्सुक हो तो उनकी जिज्ञासा जागरूक हो और खासकर अंतरिक्ष विज्ञान में हमारा देश और भी प्रगति करे।*

**********

मौसम विभाग ने तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में धीरे धीरे दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा।

**********